

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

मुश्किलें रुकावट नहीं, आपको और मजबूत बनाने का जरिया हैं। 'हर समस्या अपने साथ समाधान भी लाती है, बस देखने की नजर चाहिए।

शनिवार 11 अप्रैल 2026 वर्ष 02 अंक 98 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश फाइनल में, 12 अप्रैल को खिताबी मुकाबला

### 6–2 और 4–2 की बड़ी जीत के बाद फाइनल में आमने–सामने एमपी–यूपी, कौन बनेगा चौंपियन?

**केशववाणी रानी सिन्हा / शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर ।** राजगीर खेल अकादमी में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर मेन नेशनल चौंपियनशिप 2026 अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉकी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश हॉकी ने फाइनल में जगह बना ली है। अब दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश ने दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव हॉकी को 4–2 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। मुकाबले में मध्य प्रदेश की ओर से दीपक सिंह ने 29वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद करण गौतम (43वें मिनट), गाजी खान (47वें मिनट) और सिद्धार्थ बेन (51वें मिनट) ने गोल कर टीम की बढ़त मजबूत कर दी। विरोधी टीम की ओर से कप्तान धीरज पाल ने 36वें मिनट में और अपूर्वा चौहान ने 54वें मिनट में गोल कर मुका. बले को रोचक बनाने की कोशिश की, लेकिन टीम जीत से दूर रह गई। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी पंजाब को 6–2 से हराकर एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश के लिए शाहरुख अली और नीतीश यादव ने शानदार खेल दिखाते हुए दो–दो गोल किए। शाहरुख अली ने 11वें और 32वें मिनट में, जबकि नीतीश यादव ने 26वें और 29वें मिनट में गोल दागे। इसके अलावा कप्तान केतन कुशवाहा और राहुल यादव ने 42वें मिनट में एक–एक गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी। पंजाब की ओर से अली रज्जाक (39वें मिनट) और राजवीर सिंह (43वें मिनट) ने गोल किए, लेकिन टीम को हार से




अब सभी की नजरें 12 अप्रैल को होने वाले फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां हॉकी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच खिताब के लिए जोरदार भिड़ंत देखने को मिलेगी। दोनों टीमों का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है, ऐसे में फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।







## प्रसव के दौरान महिला की मौत से बवाल क्लीनिक में हंगामा; जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र स्थित सरकारी बस स्टैंड के समीप एक निजी क्लीनिक में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने क्लीनिक परिसर में जमकर हंगामा किया और लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मृतका की पहचान नवादा जिले निवासी सोनी देवी के रूप में हुई है। परि. जनों के अनुसार, सोनी देवी को प्रसव के लिए क्लीनिक में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने क्लीनिक प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। घटना की सूचना मिलते ही लहेरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने समझा–बुझाकर आक्रोशित परिजनों को शांत कराया, जिससे किसी तरह का बड़ा विवाद टल गया। इधर, घटना की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों की एक टीम भी क्लीनिक पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की। इस संबंध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से जुड़े डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि कोई भी डॉक्टर यह नहीं चाहता कि उसके क्लीनिक में किसी मरीज की मौत हो। उन्होंने बताया कि कभी–कभी जटिल परिस्थितियों में इलाज के दौरान अप्रत्याशित घटनाएं हो जाती हैं, जिससे डॉक्टरों को भी बदनामी झेलनी पड़ती है। वहीं लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत रजक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन आवेदन मिलने पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है, जबकि इलाके में घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं जारी हैं।

## बिहार राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अंडर–14 के बालक और बालिका दोनों वर्गों का उप विजेता बना

### 09 और10 अप्रैल को कलिंग स्टेडियम, भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अंडर–14 (बालक एवम् बालिका) प्रतियोगिता 2025–26

**केशववाणी रानी सिन्हा / शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/बिहार ।** कलिंग स्टेडियम, भुवनेश्वर,ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल रग्बी अंडर–14 (बालक एवम् बालिका) प्रतियोगिता 2025–26 के दोनों वर्गों में बिहार की टीम ने रजत पदक जीत कर उप विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार की रग्बी टीम का अंडर 14 में भी शानदार प्रदर्शन हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। इसके पूर्व इसी प्रतियोगिता के अंडर 17 स्पर्धा में बिहार की बालक टीम ने स्वर्ण पदक के साथ चौंपियंस का खिताब जीता था और बालिका टीम रजत पदक के साथ उप विजेता रही थी। इस प्रतियोगिता के अंडर 14 प्रतिस्पर्धा में बिहार बालक वर्ग टीम ने क्वार्टर फाइनल में दिल्ली को 37–00 से हराया इस मैच में प्रिंस 10, संदीप 5,सुमित 5,विवेक 10, गुलशन ने 5अंक बनाया, सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ को 40–00 से हरा कर टीम फाइनल में पहुंची। इस मैच में विवेक 10, गुलशन 10, गोलू5, संदीप 5, प्रिंस 5, सुमित 5 अंक बनाए । फाइनल में बिहार की टीम ओडिशा से 05–00 से हार गयी और रजत पदक जीतने के साथ उप विजेता रही। बालिका वर्ग में बिहार की टीम ने क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को 40–00 से हराया। इस मैच में अनन्या 5, खुशबू 5, नेहा 10, रूबी 5, प्रियांशु 10, निशि 5 अंक ,बनायी । सेमीफा. इनल में बिहार की टीम पंजाब को 10–00 से हरा कर फाइनल में पहुंची । इस मैच में नेहा 5 और प्रियांशु ने 5 अंक बनाए। फाइनल में बिहार की टीम ओडिशा से 10 –05 से हार गई जिनमें में रूबी ने 5 अंक बनाए और इस तरह रजत पदक के साथ उप विजेता का खिताब हासिल हुआ ।




**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे–**
**बालक वर्ग –ओडिशा–स्वर्ण ,बिहार–रजत, महाराष्ट्र–कांस्य**
**बालिका वर्ग –ओडिशा–स्वर्ण,बिहार–रजत महाराष्ट्र–कांस्य ।**

बिहार बालक और बालिका रग्बी टीम की इस शानदार उपलब्धि पर श्रवण कुमार, मंत्री ग्रामीण विकास बिहार सरकार, सुश्री श्रेयसी सिंह, मंत्री खेल विभाग बिहार सरकार, संजय प्रकाश मयुख, सदस्य बिहार विधान परिषद सह अध्यक्ष रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवींद्रण शंकरण, रग्बी फुटबॉल एसोशिएशन ऑफ बिहार के सचिव पंकज कुमार ज्योति ने दोनों टीमों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बधाई बधाई दी ।



## नालंदा में एलपीजी गैस की पर्याप्त आपूर्ति, पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने का निर्देश

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर आम लोगों के बीच फैल रही आशंकाओं को दूर करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सि. लिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप उनकी आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उन्होंने बताया कि जिले में संचालित तीनों कंपनियों की कुल 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 9436 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभागीय प्रावधानों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद ही रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले का बैकलॉग 4.3 है, जिसे कम कर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है, ताकि उपभ. ोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। इधर, जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा को भी तेजी से विस्तार दिया जा रहा है। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर एवं सिलाव में कई वा. र्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड, सिलाव के 6 वार्ड तथा राजगीर के 17 वार्डों में पीएनजी पाइपलाइन पूरी तरह बिछा दी गई है और प्राप्त आवेदनों के आधार पर उप. भोक्ताओं को कनेक्शन दिया जा रहा है।अब तक कुल 1672 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1508 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, जबकि 164 आवेदन लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करते हुए उपभ. ोक्ताओं को जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार मानव बल एवं ठेकेदारों की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी पा. इपलाइन उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ता अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लें, ताकि उन्हें आधुनिक सुविधाएं मिल सकें और एलपीजी पर निर्भरता कम हो। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 06112–233168 पर संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, जिला पदाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।




# बिहारशरीफ में 45.15 लाख की योजनाओं का शिलान्यास, विकास को मिलेगी रफ्तार



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शुक्रवार को करीब 45 लाख 15 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान वार्ड संख्या–03, रांची रोड स्थित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत ₹32 लाख 64 हजार की लागत से चमेली वर्मा के मकान से प्रो. मुनेश्वर प्रसाद के मकान होते हुए विनोद प्रसाद के मकान के पास स्थित बड़े नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही वार्ड संख्या–06, आशानगर में ₹12 लाख 51 हजार की लागत से भोली जी के मकान से भागवत प्रसाद के मकान होते हुए चितावन बाबा तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। किसानों को अपने कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी, वहीं बच्चों के लिए स्कूल और कॉलेज तक सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन सुविधाओं तक पहुंच भी बेहतर होगी।उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या–03 के क्षेत्रवासियों को इस नाले के निर्माण का लंबे समय से इंतजार था, जिसे आज पूरा करने का अवसर मिला है। यह कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। इस पर डॉ. सुनील कुमार ने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।



# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पीड़ित परिवार से मिले मंत्री संजय पासवान, दोषियों को फांसी की सजा की मांग

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट वेना (नालंदा)।** नालंदा जिले के वेना थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म मामले को लेकर बिहार सरकार के गन्ना एवं उद्योग मंत्री संजय पासवान पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीड़िता के परिजनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और घटना की कड़ी निंदा की। मंत्री ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि इस मामले को लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलकर चर्चा करेंगे ताकि पीड़िता को जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने पीड़िता के घर में पानी की समस्या को देखते हुए पीएचडी विभाग के एसडीओ को तत्काल चापाकल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को एससी/एसटी एक्ट के तहत मिलने वाला मुआवजा जल्द दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट, विधायक विशुनदेव, शोभा कुमारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पर्व–त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क, भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा व्यवस्था के सख्त निर्देश





**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आगामी पर्व–त्योहारों एवं विभिन्न धार्मिक–सामाजिक आयोजनों को देखते हुए नालंदा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन एवं विधि–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी आयोजन में जन–सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में संभावित भीड़–भाड़ वाले स्थलों की पहचान कर अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बाबा चौ. हरमल, डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, जानकी नवमी, परशुराम जयंती, वीर कुंवर सिंह जयंती एवं बाबा महतो साहेब राजकीय मेला जैसे प्रमुख आयोजनों को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने को कहा। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रत्येक माह इवेंट कैलेंडर तैयार कर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) के दिशा–निर्देशों के अनुसार भीड़ के पूर्वानुमान के आधार पर प्रबंधन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी कार्यक्रम के आयोजन से पहले आयोजकों को प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बैठक करना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति किसी भी प्रकार का आयोजन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने आयोजन स्थलों की क्षमता के अनुसार ही भीड़ की अनुमति देने, सुरक्षा ऑडिट कराने, पर्याप्त बैरिकेडिंग करने, प्रवेश और निकास द्वारों की समुचित व्यवस्था रखने तथा आपातकालीन निकासी मार्ग को पूरी तरह बाधारहित रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, मेडिकल टीम और आपदा प्रतिक्रिया दल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। राजगीर अनुमंडल के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों—ब्रह्मकुंड, सूर्यकुंड, शांति स्तूप, जापानी मंदिर, मखदुम कुंड और नालंदा खंडहरकृपर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा 14, 15, 17, 18, 20 और 21 अप्रैल को प्रस्तावित बीपीएससी परीक्षा को देखते हुए रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्व. जनिक स्थानों पर भी भीड़ प्रबंधन की विशेष व्यवस्था करने को कहा गया है।मंदिर परिसरों में साफ–सफाई, तालाब किनारे बैरिकेडिंग, जिग–जैग कतार (क्यू सिस्टम), होल्डिंग एरिया और बफर जोन बनाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही अतिक्रमण हटाने और अवैध दुकानों पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि आवागमन सुगम बना रहे और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभ. ागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक आयोजन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना सुनिश्चित करना होगा। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने की जानकारी दी है।

# नालंदा में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, प्रेम प्रसंग की आशंका

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट (नालंदा)।** नालंदा थाना क्षेत्र के कपरसरीय गांव में शनिवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 10 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि किशोरी ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटककर आत्महत्या की है। परिजनों ने प्राथमिक रूप से घटना के पीछे प्रेम प्रसंग को कारण बताया है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों से आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मामले की जांच जारी है।




# हरनौत टीपीडीएस गोदाम का निरीक्षण, खाद्यान्न भंडारण व गुणवत्ता संतोषजनक



**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट हरनौत ।** नालंदा के उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने शुक्रवार को हरनौत स्थित राज्य खाद्य निगम के टीपीडीएस गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक प्रबंधक एवं जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम भी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में गोदाम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत भंडारित चावल एवं गेहूं की मात्रा का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच में पाया गया कि खाद्यान्न भंडार पंजी के अनुरूप ही सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया है। साथ ही खाद्यान्न की गुणवत्ता की भी जांच की गई, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। भौतिक सत्यापन के दौरान एएवाई, पीएचएच, विश, डब्ल्यूबीएनपी एवं मिड–डे मील योजनाओं के तहत रखे गए खाद्यान्न का मिलान किया गया, जिसमें सभी आंकड़े संतोषजनक पाए गए। इसके बाद उप विकास आयुक्त ने बराह पंचायत स्थित प्राथमिक कृषि शाखा गोदाम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदा. धिकारी तथा पैक्स प्रबंधक उपस्थित रहे। खरीफ विपणन मौसम 2025–26 के अंतर्गत किसानों से अधिप्राप्त धान की भी जांच की गई, जिसमें भौतिक रूप से 2326 क्विंटल धान उपलब्ध पाया गया।

निरीक्षण के बाद उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोदामों का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें और भंडारित अनाज के बोरे को व्यवस्थित ढंग से रखें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न भंडारण की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कतरीसराय में रंगदारी मांगने वाला गिरोह पकड़ा गया फर्नीचर मालिक से मांगा था 75 लाख की रंगदारी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के एक फर्नीचर व्यवसायी से 75 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के सात आरोपियों को धर दबोचा है। उनके पास से 9 मोबाइल, तीन आधार कार्ड और सिम कार्ड भी बरामद किया। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घटना के तीसरे दिन रंगदारी मांगने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कतरीसराय थाना क्षेत्र के खान फर्नीचर के मालिक को अज्ञात मोबाइल नंबर से लगातार कॉल कर 75 लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही थी। रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों द्वारा व्यवसायी को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। साथ ही श्डेमोश दिखाने की चेतावनी भी दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि इससे व्यवसायी और उसके परिवार में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित व्यवसायी ने कतरीसराय थाना में लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करायी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी द्वारा विशेष टीम का गठन किया। डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम में गिरियक अंचल के पुलिस निरीक्षक, कतरीसराय थानाध्यक्ष, जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान और खुफिया जानकारी के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान 9 अप्रैल को पुलिस ने बिहारशरीफ और मानपुर थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर रंगदारी मांगने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।



पकड़े गये आरोपियों की पहचान अम्बेर बिहारशरीफ निवासी रौशन कुमार, नीरज उर्फ मनीष, रविशंकर कुमार उर्फ रवि, आर्यन शर्मा उर्फ रिशु, राहुल कुमार उर्फ विवेक प्रियदर्शी, गुड्डू कुमार और प्रेरित कुमार शामिल है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से रंगदारी मांगने में उपयोग किये गये 8 स्मार्ट मोबाइल फोन, एक की–पैड मोबाइल, एक सिम कार्ड, तीन आधार कार्ड तथा एक कागज बरामद किया है। बरामद कागज पर पीड़ित का मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि बरामद सामान से यह स्पष्ट होता है कि आरोपी सुनियोजित तरीके से अपराध को अंजाम दे रहा था। छापेमारी टीम में डीएसपी के अलावे गिरियक अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार, राजगीर अंचल पुलिस निरीक्षक संजय कुमार, राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, पावापुरी थानाध्यक्ष, अपर पुलिस अवर निरीक्षक आदित्य कुमार एवं मुकुंद भारती सहित डीआईयू नालंदा की टीम और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में कई अहम सुराग मिलने का पुलिस ने दावा किया है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि इस तरह की किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



# माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेशों को अपनाने की जरूरत – रमेश कुमार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बड़ाकर में शुक्रवार को संत निरंकारी मंडल द्वारा सतसंग का आयोजन हुआ। इसमें गीत, भजन, विचार के द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेश को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। राजगीर ब्रांच के रमेश महात्मा ने कहा कि संत निरंकारी मिशन परिवार और गृहस्थ जीवन के साथ आध्यात्मिक रूप से भी जुड़ने की सीख दे रहा है। निरंकारी मिशन लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलाकर निरंकार से जोड़ने का कार्य कर रहा है। नारी यदि आध्यात्मिक होगी तो परिवार भी आध्यात्मिक बनेगा। इससे विश्व का कल्याण होगा। इसलिए नारियों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। मंच का संचालन सेवा दल के संचालक भीम चौधरी ने किया। इस मौके पर सेवा दल मुकेश कुमार, सुनील कुमार, कैशियर नंदू महात्मा, एकाउंटेंट बंगाली राजवंशी, श्री प्रसाद, उषा बहन, फूटो बहन, रानी बहन, नीलम बहन, जागेश्वर महात्मा, सहित अन्य मौजूद थे।

# सरथा गांव के खंधा में लगी भीषण आग, लगभग 30 बीघा से अधिक में लगे गेहूं की फसल जलकर हुआ खाक

## ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर पाया गया काबू

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सरथा पंचायत के सरथा गांव के खंधा में शुक्रवार की दोपहर लगभग 2 बजे गेहूं के खेत में आग लग जाने से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है।सरथा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि शंकर कुमार ने बताया कि गांव में स्थित पानी टंकी के उत्तर दिशा के सातवनवा खंधा में दोपहर के समय गेहूं के खेत से अचानक आग की लपेट उठने लगा। उसके बाद एक ग्रामीण लोग दौड़कर खेत में आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। आग लगी की सूचना स्थानीय दमकल विभाग कर्मी को दी गई। दमकल विभाग मौके पर पहुंची लेकिन दमकल वाहन में तकनीकी खराबी के कारण आग बुझाने में कामयाब नहीं हो पाया। इसके बाद गांव के सैकड़ो ग्रामीण एवं किसानों ने मिलकर पंप सेट के सहारे लगभग 2 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया जब तक लगभग 30 बीघा से अधिक की गेहूं के फसल जलकर नष्ट हो गई। इस आग लगी में सरथा गांव के अखिलेश प्रसाद सिन्हा के लगभग 6 बीघा, मुरारी कुमार, पूर्व मुखिया शिव मोहन सिंह, अरुण सिंह, परमिंदर देव, कृष्णन महतो, दिलीप सिंह समेत दर्जनों किसानों की 30 बीघा से अधिक की फसल जलकर पूरी तरह से बर्बाद हो गया।



वही आग लगी की घटना गेहूं के खेत के ऊपर से गुजरे 11 हजार विद्युत तार से निकली चिंगारी के कारण आग लगने की बात बताई जा रही है।घटना के बाद पीड़ित किसानों ने स्थानीय प्रशासन को लिखित आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। वही वेना थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि लगभग 20 बीघा में लगे गेहूं की फसल में आग लगी है। उन्होंने बताया कि आग लगी के दौरान थाना के दमकल गाड़ी बिहार शरीफ के मधड़ा तरफ गए हुए थे इस वजह से दूसरे थाना से दमकल को वाहन आग बुझाने पहुंचे थे

# नगर बिक्रय समिति ने एसडीओ व कार्यपालक को सौंपा मांग पत्र मेला के नाम पर फुटपाथी दुकानदारों को न हटाया जाय



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला 2026 के अवसर पर नगर बिक्रय समिति के सदस्यों ने नगर परिषद राजगीर से निबंधित स्थाई एवं अस्थाई फुटपाथ दुकानदार को अतिक्रमण के नाम पर न हटाने एवं निबंधित दुकानदार को मलमास मेला के अवसर पर नि:शुल्क दुकान आवंटित करने के लिए एसडीओ एवं कार्यपालक पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मंच के संरक्षक सुनील कुमार ने कहा कि पथ बिक्रेता कानून अधिनियम 2014 के तहत पथ बिक्रेताओं को आज तक वेंडिंग जोन नहीं बनाया गया है। इस कारण फुटपाथ दुकानदारों को मेला के नाम पर उजड़ते रहना पड़ता हैं जिससे उनका रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लिए सभी दुकानदारों को अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया जाता है जिससे कि लोन भरने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कुंड जोन में वेंडिग जोन घोषित जमीन पर सुधा का बूथ बना दिया गया है जिसके कारण फुटपाथ दुक. ानदारों में काफी आक्रोश है। टीवीसी के सदस्य रमेश कुमार पान ने कहा कि नगर बिक्रय समिति में लिए गए निर्णय का अनुपालन एवं समय से टीवीसी का बैठक कार्यपालक पदाधिकारी एवं उनके सहयोगियों के द्वारा नहीं किया जाता है, जबकि नगर परिषद राजगीर के द्वारा पूरे नगर को पांच हिस्सों में बांटा गया है और सभी जगह टाउन लेवल फेडरेशन बनाया गया। लेकिन पांचों जोन में अधिकारियों की सुस्ती के कारण आज तक किसी भी जोन में फुटपाथ दुकानदारों को वेंडिग जोन बना कर पुनर्वासित नहीं किया गया है। यह राजगीर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। राजगीर एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटक नगरी है। यहां देशी विदेशी पर्यटकों का आना–जाना लगा रहता है। अगर सुव्यवस्थित और सुसज्जित वेंडिंग जोन बनाकर फुटपाथ दुक. ानदारों को पुनर्वासित किया जाए तो सभी दुकानदारों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राघो देवी, रेखा देवी, मनोज कुमार, राजू साव, चंदन कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, इंद्रजीत कुमार, चंद्रजीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# अगलगी में 100 बीघा की गेहूं फसल जलकर राख, किसानों को मिले उचित मुआवजा : अरुण कुमार चंचूल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** प्रखंड के मेयार गांव के खंधा में आग लगने से 100 बीघा की गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। दर्जनों किसानों की फसल जलकर राख हो गयी। किसानों का फसल तैयार था। बस मशीन के इंतजार में खेत में था। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर अचानक से बढ़ौना खंधा से आग शुरू हुआ और देखते ही देखते तेज पछूआ हवा के कारण यह आग मेयार खंधा तक पहुंच गयी। किसान खेत में आग जलता देखकर दौड़े और डंडा व पौधे की टहनी से किसी तरह बूझाने का प्रयास करने लगे। सूचना पाकर मेयार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व मेयार पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार चंचूल ने अग्निशाम को फोन किया। उसके बाद गांव में चार दमकल भी पह. ुंचा। उसके बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान इस अगलगी में मेयार के विभीषण प्रसाद, अनिल राम, बिरजू राम ,कृष्ण महतो, अंचू सिंह, अगम सिंह, कुंदन सिंह, फुलटेस राम, मोरा के



अर्जुन प्रसाद सहित अन्य किसान की फसल जलकर राख हो गयी। पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार चंचूल ने कहा कि इन किसानों को सरकार द्वारा उचित मुआवजा मिलना चाहिए। फसल तैयार था। इस नुकसान के कारण किसानों की कमर टूट गयी है। इसके अलावा हसनपुर में दिनेश राम की पांच बोझा गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई जहां उनकी भी फसल जलकर राख हो गई। लोगों ने बताया कि इन दिनों आग लगने की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।



# कल्याण बीघा थाना में समारोह आयोजित कर निवर्तमान थाना अध्यक्ष को गई विदाई एवं नए थाना अध्यक्ष को किया गया स्वागत

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत के कल्याण बीघा थाना परिसर में शुक्रवार को विशेष समारोह का आयोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानांतरित थाना अध्यक्ष राजकुमार चौधरी को विदाई दी गई और नए थाना प्रभारी निशा भारती को स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद हरनौत नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह एवं बराह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटू ने और अन्य लोगों ने थाना प्रभारी को माला,बुके और अंग वस्त्र एवं उपहार भेंट कर विदाई दी गई। इस दौरान राज. कुमार चौधरी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकाल की प्रशंसा की गई। सुरेश सिंह एवं कमलेश कुमार उर्फ पिंटू ने कहा कि निवर्तमान थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी ने क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में सफलता हासिल की। जब तक वह थाना में रहे उनका कार्यकाल काफी शहरणीय रहा है।




सभी लोगों ने नए थाना प्रभारी से भी अपराध नियंत्रण की उम्मीद जताई है। वही नए थाना प्रभारी निशा भारती ने पदभार संभालते ही अपराध नियंत्रण, क्षेत्र में विधि व्यवस्था सामान्य बनाए रखना एवं जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया। बता दे की राजकुमार चौधरी को भागन बीघा का नया थाना अध्यक्ष बनाया गया है । इस मौके पर सूर्यभान कुमार,प्रिंस कुमार, सुदर्शन कुमार,बबलू कुमार,सुमन कुमार,धर्मेंद कुमार,अभिषेक कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



# बरगद टहनी टूट कर गिरने से फुटपाथ पर सो रहे 7 वर्षीय बालक मौत

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** थाना क्षेत्र के गोरक्षणी के पास बरगद का पेड़ की टहनी टूट कर गिर जाने से एक मासूम बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान नैयर मांझी के 7 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार के रूप में की गई। सूचना पाकर पुलिस गोरक्षणी के पास पहुंची और शव को वहां से निकाला। एसडीओ सूर्य प्रकाश के निर्देश पर सीओ घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उचित सहायता देने की बात कही। मृतक बच्चे की मां शीला देवी ने रोते बिलखते हुए बताया कि वह फुटपाथ पर रहकर किसी तरह मजदूरी कर जीवन यापन करती है। यहां पर वह दस साल से झोपड़ी बनाकर रह है। शुक्रवार की सुबह 5 बजे मेरा बेटा फुटपाथ पर सोया हुआ था तभी बरगद की पेड़ की टहनी टूट कर मेरे सोये हुए बेटे के ऊपर गिर गया जिससे इसकी मौत हो गई है।

# राजगीर खेल अकादमी में वुशु चयन ट्रायल सम्पन्न, 117 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर खेल अकादमी में शुक्रवार को वुशु खेल के एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन ट्रायल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस चयन प्रक्रिया में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार, आयोजित चयन प्रतियोगिता में कुल 117 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 73 बालक एवं 44 बालिकाएं शामिल थीं। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। वरीय उप समाहर्ता–सह–जिला खेल पदाधिकारी आलोक चंद्र चौधरी ने बताया कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा एनआईएस कोच रवि रावत, ऋषभ कुमार तिवारी एवं करण कुमार को चयनकर्ता के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। चयन ट्रायल के सफल संचालन के लिए राजगीर खेल अकादमी से ईशा मिश्रा एवं आनंद कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया था। वहीं जिला खेल कार्यालय नालंदा के शारीरिक शिक्षक सूरज कुमार, बिपिन कुमार, बिक्की भारती, ओमपाल कुमार, मनोज कुमार, प्रकाश कुमार, नवीन, कुमारी सरिता सिन्हा एवं रिंकू कुमारी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



इस अवसर पर नालंदा जिला वुशु संघ के महासचिव शत्रुघन कुमार सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, ताकि वे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।



# हाई मास्क लाईट लगने से जगमग हुआ चौराहा, रोशनी से जगमगाया वीर कुंवर सिंह चौंक



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत अंतर्गत जलगो. विंद पथ पर स्थित वीर कुंवर सिंह चौक के समीप हाई मास्ट लाइट शुक्रवार को स्थापित कर दिया गया। वीर कुंवर सिंह चौक अब दुधिया रोशनी से जगमगाने लगा। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने शुक्रवार को कहा कि सात लाख 82 हजार रूपये से हाई मास्ट लाइट लगी ।जो बुडको द्वारा लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नपं के तीन अन्य जगहों पर भी लगाए जाएंगे ।जो नियामतपुर रेलवे गुमटी के पास ,माधोपुर–सबनहुआ छठ घाट एवं रेलवे स्टेशन के पास शामिल हैं। वहीं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सर्वा. `च्च प्राथमिकता है। कहा यह लगाने का मुख्य उद्देश्य रात के समय नागरिकों की सुरक्षा प्रदान करने के साथ नगर के प्रमुख स्थल को अंधेरे से दूर करना है। नगर के मुख्य चौराहों, व्यस्त बाज. ारों, व सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हाई मास्ट लाइट चार माह में लगाने का लक्ष्य था। लेकिन कुछ जमीन संबंधी स्थल चयन को लेकर बिलंब हुआ ।कहा इससे रेलवे स्टेशन, पंचशील नगर, प्रखंड मुख्यालय, बस्ती ,डिहरीगढ़ व अन्य गांवों से आने जाने वाले लोगों को लाभ होगा।

# एफएलएस 2026 के तहत बरान्दी विद्यालय में छात्रों का सर्वे, शिक्षा गुणवत्ता सुधार की पहल तेज

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र पारख एवं एनसीईआरटी द्वारा संचा. लित फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी (एफएलएस) 2026 के तहत नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों के चयनित विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों का एफएलआई आध. ारित सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत कतरीसराय प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बरान्दी में वर्ग चार के छात्रों का एफएलआई आध. ारित सर्वे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह सर्वे डायट नालंदा के डीएलएड प्रशिक्षु राम विकास कुमार के नेतृत्व में कराया गया। सर्वे के दौरान छात्रों के अक्षर ज्ञान, अंक ज्ञान एवं उनके समग्र शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया गया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के कार्यों का भी आकलन किया गया, ताकि शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का सही आकलन किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक राकेश कुमार, रामप्रवेश कुमार यादव, संजू कुमारी, किरण कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने सर्वे को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस पहल के माध्यम से बच्चों के बुनियादी शिक्षण स्तर की जानकारी एकत्र कर भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# मौसी ने एक साल के मासूम की हत्या कर शव तालाब में फेंका, आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र के चूलीहारी गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सगी मौसी ने अपने ही एक साल के भांजे की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मृत बच्चे की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी राजू पासवान के एक वर्षीय पुत्र कारू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बच्चे की मां आरती देवी अपने भाई दिलखुश पासवान की शादी में शामिल होने मायके आई हुई थी। 21 अप्रैल को घर में शादी थी, लेकिन खुशियों के माहौल के बीच यह दर्दनाक घटना हो गई। परि. जनों के अनुसार, घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान बड़ी बहन सुमंत्री देवी का मोबाइल फोन खो गया, जिसको लेकर उसने अपनी मंझली बहन आरती देवी पर शक जताया। इस बात को लेकर दोनों बहनों के बीच तीखी बहस और विवाद हुआ था। मामले में उस समय नया मोड़ आया जब मोबाइल खोजने के लिए तंत्र–मंत्र का सहारा लिया गया। परिजनों ने बताया कि गांव की एक महिला से अभिमंत्रित पानी मंगवाकर पूरे घर में छिड़काव किया गया और सभी को पिलाया गया। मान्यता थी कि इससे दोषी व्यक्ति पर असर पड़ेगा। इसी घटनाक्रम के बाद रात करीब 10 से 11 बजे के बीच मासूम अचानक गायब हो गया। जब बच्चे की मां ने उसे बिस्तर पर नहीं पाया तो घर में चीख–पुकार मच गई। घर के दरवाजे अंदर से बंद थे, जिससे किसी बाहरी व्यक्ति के आने की संभावना कम थी। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने पास के तालाब में टॉर्च की रोशनी में देखा, जहां मासूम का शव पानी में तैरता मिला। यह दृश्य देख शादी का माहौल मातम में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अस्थावां थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच और पूछताछ के आधार पर बच्चे की सगी मौसी सुमंत्री देवी को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर महिला ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसने बच्चे का मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को तालाब में फेंक दिया। हैरानी की बात यह है कि आरोपी के जुर्म कबूलने के बावजूद परिवार के कुछ सदस्य इस जघन्य अपराध को 'भूत–प्रेत' का साया बताकर बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि पहले भी उनके साथ कुछ अजीब घटनाएं हो चुकी हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की गहन जांच जारी है।

# 27 साल पुराने हत्या मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद, कोर्ट ने सुनाया फैसला

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** एकंगरसराय थाना कांड संख्या 20/99 से जुड़े हत्या के एक पुराने मामले में शुक्रवार को माननीय न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला एडीजे–01, हिलसा (नालंदा) की अदालत ने सुनाया। मामले की सुनवाई के दौरान नालंदा पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और चार्जशीट को अदालत ने मजबूत पाया। विचारण के क्रम में गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराई गई और सभी आवश्यक साक्ष्य न्यायालय के समक्ष पेश किए गए, जिसके आधार पर अदालत ने यह निर्णय दिया। दोषी ठहराए गए अभियुक्तों में सालेपुर निवासी वीरमणी प्रसाद, चार प्रसाद और मालती देवी शामिल हैं। तीनों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया गया। अदालत ने धारा 323 के तहत प्रत्येक अभियुक्त को एक वर्ष के कारावास, धारा 341 के तहत एक माह के कारावास तथा धारा 302 (हत्या) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। न्यायालय ने निर्देश दिया है कि सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। इस फैसले को नालंदा पुलिस की प्रभावी अनुसंधान और मजबूत पैरवी का परिणाम माना जा रहा है, जिससे लंबे समय से लंबित इस मामले में न्याय सुनिश्चित हो सका।

